# हरिभूमि हिसार भूमि

रोहतक, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025


तापमान
अधिकतम 35 .2 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री


12 मनरेगा सहयोग मंच ने मंत्री व विधायक को सौंपे ज्ञापन





12 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले योग साधकों का अभिनंदन




## खबर संक्षेप

### कर्मियों की मांगें पूरी नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

**नारनौंद।** नगर पालिका के प्रांगण में बुधवार को गेट मीटिंग का आयोजन कर प्रदर्शन किया गया। ब्लाक प्रधान रोहतश शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों का शोषण कर रही है और उन्हें पक्का भी नहीं किया जा रहा है। फायर ब्रिगेड से देवेन्द्र लोहान ने कहा कि सरकार अपने वादे पूरे ना करके बार बार मुकर जाती है। सरकार जल्द से जल्द कर्मचारियों को पक्का करें नहीं तो कर्मचारी बहुत बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस धरने पर मंशा राम, संजय लोहान, योगेंद्र माजरा, सतीश कुमार, नरेश कुमार, रामदीया शर्मा, कुलदीप, बलराम, सुंदर, धर्मवीर, अंग्रेज़ों देवी, रामकली,आदि मौजूद रहे।

### दुकान से नकदी व सामान चोरी करने वाला पकड़ा

**हिसार।** शहर पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही नवीन कुमार ने बताया कि तलाकी गेट स्थित जूस व फास्ट फूड की दुकान से नकदी और सामान चोरी होने की शिकायत दुकान संचालक सुरेंद्र सचदेवा ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि 15-16 जुलाई की रात दुकान से लगभग 50 हजार रुपये की नकदी व सामान चोरी हो गया था।

### अभियान के दौरान किया उद्‌घोषित अपराधी काबू

**हांसी।** पुलिस द्वारा जिला भर में उद्घघोषित अपराधी, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सदर थाना पुलिस ने एनडीपीएस के मामले में उद्घघोषित आरोपी गुराना निवासी रजत उर्फ धौला को गिरफ्तार किया है। भाटला पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी को अदालत द्वारा सदर थाना हांसी में दर्ज एनडीपीएस के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### होटल से नकदी चोरी का आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने होटल से नकदी चोरी करने वाले आरोपी जीरकपुर निवासी सचिन को गिरफ्तार किया है। एएसआई अंजू बाला ने बताया कि आरोपी सचिन मलिक चौक हिसार के पास स्थित मिलेनियम होटल में मैनेजर के रूप में कार्यरत था। होटल मालिक मोहना मंडी निवासी सचिन बंसल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक अगस्त को होटल से 51 हजार रुपये चोरी हो गए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### मोबाइल फोन चोरी का आरोपी बाइक समेत काबू

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए गांव झिड़ी निवासी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सतपाल ने बताया कि पुलिस की डायल-112 ईआरवी टीम ने गश्त के दौरान शक के आधार पर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित दबोचा।

छात्रों ने लगाया वादाखिलाफी का आरोप, प्रशासन कर रहा बातचीत का प्रयास

# हकृवि में छात्र आंदोलन पार्ट-2 शुरू बुधवार को छह छात्र बैठे अनशन पर

- झड़प के दौरान कई छात्रों को चोटें आई, दोनों पक्षों ने करवाए मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन व सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए विद्यार्थियों ने फिर से आंदोलन शुरू कर दिया है। बुधवार को शुरू हुए धरने के बाद दिनभर एचएयू में हलचल रही वहीं प्रशासन व विश्वविद्यालय के अधिकारी मामले को निपटाने के प्रयास में रहे लेकिन शाम को विद्यार्थियों ने अनशन पर बैठने का ऐलान कर दिया।

गुरुवार को हकृवि में सीएम नायब सैनी के आगमन के चलते दिनभर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। हकृवि गेट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। बता दें कि हकृवि के विद्यार्थियों ने पिछले दिनों चार नंबर गेट पर सभा करके आंदोलन करने की घोषणा की थी। उन्होंने 20 अगस्त का दिन आंदोलन के लिए निर्धारित किया था, जिसे सिरे चढ़ाते हुए छात्र सुबह हकृवि के चार नंबर गेट पर पहुंच गए। उनके साथ कई अन्य संगठन भी आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे। दिन में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने उनसे बातचीत करके मामले का हल निकालने की बात कही लेकिन सिरे नहीं चढ़ी। इसी बीच शाम को छात्रों ने अनशन पर बैठने का ऐलान कर डाला। झड़प के दौरान कई छात्रों को चोटें आई, जिस पर पुलिस ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार, प्रो. राधेश्याम, तत्कालीन सीएसओ सुखबीर सहित कईयों पर केस दर्ज किया था। इस मामले में प्रो. राधेश्याम को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इसके अलावा सुरक्षा कर्मचारियों ने छात्रों पर मारपीट करने व चोटें मारने का आरोप लगाते हुए उन पर केस दर्ज करवाया। इस मामले में कई छात्रों पर केस दर्ज है। जिलाधीश अनीश यादव ने विश्वविद्यालय के गेट नंबर 4 और आसपास के क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दी है। यह आदेश 19 अगस्त की शाम से विश्व उद्यमिता दिवस 2025 कार्यक्रम के समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा। गेट नंबर 4 से 200 मीटर की परिधि में और कार्यक्रम स्थल से 2 किलोमीटर के दायरे में प्रतिबंध लगाए गए हैं। वीवीआईपी हेलीपैड, रोड और कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन उड़ाने पर रोक है। रोड के दोनों तरफ 200 मीटर के दायरे में वाहन पार्किंग और 4 या अधिक लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध है। हथियार, लाठी, डंडा या अन्य घातक वस्तुओं के साथ-साथ खुला पेट्रोल-डीजल ले जाने पर भी रोक है। कार्यक्रम स्थल से 1000 मीटर के दायरे में धरना-प्रदर्शन प्रतिबंधित है। आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



**हिसार।** हकृवि के स्वर्ण जयंती गेट पर धरने पर बैठे छात्र व अन्य सहयोगी संगठन।

### प्रशासन ने किए कड़े सुरक्षा इंतजाम

उधर, जिला प्रशासन ने गुरुवार को विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। विश्वविद्यालय में तीन पुलिस कंपनियां तैनात की गई हैं, जिनमें एक महिला पुलिस कंपनी भी शामिल है।

### कई संगठनों ने दिया छात्रों को समर्थन

छात्रों के समर्थन में किसान संगठन, इनसो, आईएसओ, एनएसयूआई सहित अन्य छात्र संगठन भी मौजूद हैं। छात्रों का आरोप है कि जिला प्रशासन ने उनके साथ धोखा किया है। प्रशासन ने 20 दिन में कमेटी बनाने का वादा किया था, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी यह काम पूरा नहीं हुआ है। साथ ही छात्रों पर दर्ज एफआईआर भी वापस नहीं ली गई है।

### ये छात्र बैठे अनशन पर

विद्यार्थियों के आंदोलन पार्ट-2 के पहले दिन छह छात्र अनशन पर बैठे। इन छात्रों में दीपांशु, आशु ठाकुर, मोहित, राहुल, योगेश व अजय कालीरामना शामिल है। छात्रों का कहना है कि उनसे वादाखिलाफी हुई है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वे आंदोलन पर रहेंगे।

### मई में शुरू हुआ विवाद

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्टाइफंड बंद करने व एलडीवी सीटें घटाने के विरोध में मई माह से ही विद्यार्थी अपना विरोध दर्ज करवा रहे थे। यह विरोध प्रदर्शन व आंदोलन उस समय और उग्र हो गया जब 10 जून को विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारियों व कर्मचारियों से दिन में हल्की झड़प हुई और रात को विवाद उस समय और गहरा गया जब दोनों पक्षों की झड़प के दौरान कुछ छात्रों को चोटें आ गई।



**नारनौंद ।** जींद-हांसी सड़क मार्ग पर पैदल गश्त करते टीम के साथ थाना प्रभारी बलवान सिंह। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस ने सुरक्षा को लेकर क्षेत्र में की पैदल गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

थाना प्रभारी बलवान ने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पैदल गश्त की।

उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करने की जल्द आदेश दिए और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल गश्त की। साथ ही दुकानदारों से पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की। गश्त के दौरान थाना प्रभारी के साथ स्थानीय निवासी व पुलिस के जवान भी उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्य बाज़ार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों, व्यापारियों और युवाओं से सीधी बातचीत की और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी लिए।

## शराब के ठेके पर झगड़ा कर हवाई फायर करने वाले दो गिरफ्तार

**हिसार।** बरवाला पुलिस ने गांव पनिहारी स्थित पुराने ठेके के पास झगड़ा कर हवाई फायर करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पेटवाड़ निवासी दीपक व गोहाना निवासी के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया कि 11 अगस्त को थाना बरवाला पुलिस को गांव पनिहारी के पास स्थित पुराने ठेके पर गोली चलने की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को शिकायतकर्ता सातरोड खुर्द निवासी अंकित ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ ठेके पर मौजूद था। तभी गांव पनिहारी निवासी संदीप उर्फ काला वहां आकर झगड़ा करने लगा। कहासुनी बढ़ने पर संदीप ने अपने साथियों को बुला लिया। कुछ देर बाद दो गाड़ियों में हथियार और डंडों से लैस कई लोग वहां आ पहुंचे और शिकायतकर्ता के साथ मारपीट करते हुए हवाई फायर किए। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपियों और शिकायतकर्ता के बीच व्यवसायिक रंजिश के चलते यह झगड़ा हुआ।

## हवाई फायर कर पीएम, सीएम को अपशब्द बोलने वाला आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर थाना पुलिस ने भिवानी जिला की ढाणी लक्ष्मण निवासी लेडी टीचर मनीषा को न्याय दिलाने के लिए सोमवार शाम को निकाले गए कैंडल मार्च में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अपशब्द कहने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान भिवानी जिले के पटौदी निवासी शमशेर के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि कि पकड़े गए आरोपी ने 18 अगस्त की रात करीब 9 बजे जाट धर्मशाला के सामने कैंडल मार्च में शामिल होकर तैश में आकर हवाई फायर कर सरकार व प्रशासन के खिलाफ अपशब्द कहे थे। थाना शहर हांसी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।



हांसी। प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं को अपशब्द कहने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### एचएयू में विश्व उद्यमिता दिवस समारोह आज सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**हिसार।** विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि विश्व उद्यमिता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तमाम प्रबंध पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नव उद्यमियों को शामिल होने के लिए बुलाया गया है। मुख्यमंत्री नया उद्यम स्थापित करने इन उद्यमियों को न केवल संबोधित करेंगे बल्कि इनसे संवाद भी स्थापित कर नए उद्यम स्थापित करने के अनुभव की जानकारी भी प्राप्त करेंगे।

## नगर निगम ने काटे खुले में कचरा डालने वालों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त के दिशा निर्देश पर चेकिंग के दौरान स्वच्छता शाखा की टीम ने सेक्टर 16-14 और आईटीआई चौक के पास खुले में कचरा डालने पर दो के 400 रुपये के चालान काटे। निगमायुक्त नीरज ने शहरवासियों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करे।

कचरा नगर निगम द्वारा संचालित वाहनों में डाले। कचरे को इधर-उधर न डाले। शहर के कचरा सेकेंडरी प्वाइंटों और अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इससे खुले में कचरा डालने वालों की पहचान हो सकेगी। सीसीटीवी की फुटेज के माध्यम से पहचाने गए व्यक्ति का चालान भी किया जाएगा।



**हिसार।** खुले में कचरा डालने वाले का चालान करती निगम टीम।

## विश्व मच्छर दिवस पर चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर बुधवार को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर आमजन का मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया।

जिले में इस सीजन में मलेरिया के 8 तथा डेंगू के 7 केस मिल चुके हैं, हालांकि चिकनगुनिया का कोई केस अब तक सामने नहीं आया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लारवा मिलने पर अब तक 2684 घरों में चेतावनी नोटिस जारी किए जा चुके हैं। सीएमओ डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि हर वर्ष 20 अगस्त को पूरे विश्व में मच्छर दिवस मनाया जाता है जिसकी निरंतरता में जिला में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों, आशा वर्कर, द्वारा घर-घर जाकर आमजन को मच्छरजनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी बुखार के लक्षणों और बचाव की जानकारी प्रदान करने कार्य किया। स्कूलों में बच्चों द्वारा रैलियों के माध्यम से तथा नुक्कड़ नाटक द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा देने का कार्य किया। मलेरिया विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि हिसार में मलेरिया केस संख्या 8 तथा डेंगू केस संख्या 7 है। अब तक 2684 घरों में चेतावनी नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

### मलेरिया विभाग पूरी तरह से मुस्तैद : डॉ. खतरेजा

*डिप्टी सिविल सर्जन मलेरिया डॉ. सुभाष ख़तरेजा ने बताया कि जिला हिसार में मलेरिया, डेंगू बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए मलेरिया विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है ,घर-घर जाकर रैपिड फीवर सर्वे का कार्य निरंतर जारी है। डेंगू मरीजों के लिए हर सीएचसी और सामान्य हस्पताल हिसार में बेड आरक्षित किए गए है। बुखार पीड़ित मरीजों की रक्त पट्टिका बनाई जा रही है। पार्कों और प्लाटों में जो पानी खड़ा है, उसमें काला तेल और टेमिफॉस दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। निगम व गांवों में पंचायतों के सहयोग से फॉगिंग का कार्य जारी है!*

### गुजवि गंभीर वित्तीय संकट में, अस्तित्व खतरे में : संपत

**हिसार।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री संपत सिंह ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से इस ओर ध्यान देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय इस समय गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहा है जिससे उसका अस्तित्व ही खतरे में है। अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में संपत सिंह ने खुलासा किया कि विश्वविद्यालय वर्तमान में 294.92 करोड़ के भारी बजट घाटे से जूझ रहा है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमानों के अनुसार 71.21 करोड़ बजट घाटा भी शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में, हरियाणा सरकार ने विश्वविद्यालय को 140 करोड़ अनुदान सहायता राशि प्रदान की थी। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए अपने बजट में केवल 95 करोड़ ऋण का आवंटन किया है। वर्ष 2025-26 में विश्वविद्यालय का कुल अनुमानित राजस्व केवल 194.11 करोड़ है। संपत सिंह ने कहा कि इन राजस्व स्त्रोतों में लगातार गिरावट आ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि वित्तीय घाटा इतना गंभीर है कि इससे विश्वविद्यालय का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। उन्होंने आगे बताया कि 194.11 करोड़ का अपेक्षित राजस्व शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के वेतन के लिए भी अपर्याप्त है, जिनकी वार्षिक राशि अकेले 205.72 करोड़ है। प्रशासनिक कमियों पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस नेता ने पिछले पांच वर्षों में एक आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से अपारदर्शी तरीके से 750 अकुशल कर्मचारियों की भर्ती की आलोचना की।

## अग्रोहा ग्लोबल सिटी ऐसी परिकल्पना, जिसमें 18 नगरों की रचना होगी : डॉ. कमल गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि अग्रसेन ग्लोबल सिटी की एक ऐसी परिकल्पना हैं, जिसमें महाराजा अग्रसेन द्वारा 18 महर्षियों के प्रतिनिधि रूप में स्थापित गोत्रों पर आधारित 18 नगरों की रचना होंगी। इसमें हिसार, बरवाला, भूना, फतेहाबाद, भट्टू मंडी, आदमपुर व सीसवाल गांव के क्षेत्र शामिल होंगे और यह बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना होंगी।

डॉ. कमल गुप्ता अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सोमवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस विषय में एक बैठक का आयोजन किया था, जिसमें इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री ने अग्रोहा को विश्व पुरातात्विक मानचित्र पर नई पहचान देने के लिए इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल व सांस्कृतिक धरोहर केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हिसार-अग्रोहा मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट ऑथोरिटी द्वारा एक समग्र मास्टर प्लान तैयार किया जाए, जिसमें अग्रोहा को एकीकृत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की रणनीति शामिल हो। अग्रोहा के आसपास स्थित प्राचीन टीलों की जियो टैगिंग की जाएगी तथा इन्हें संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाएगा ताकि पुरातात्विक धरोहर की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस परियोजना का कुल क्षेत्रफल लगभग 2231 किलोमीटर 5,51,159 एकड़ होगा।



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, साथ हैं भाजपा नेता रामचंद्र गुप्ता, सुरेश गोयल धूपवाला व अन्य।

बैठक | मेयर ने नक्शा नवीस एसोसिएशन व नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की

## पार्किंग के स्थान पर व्यावसायिक कार्य किया तो कार्रवाई की जाएगी

नक्शे के अनुसार भवन का निर्माण करें शहरवासी : प्रवीण पोपली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम के मुख्य सभागार में बुधवार को मेयर प्रवीण पोपली ने नक्शा नवीस एसोसिएशन तथा नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान शहर में नक्शे के अनुसार बने भवनों में पार्किंग को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

अक्सर देखा गया है कि पार्किंग के स्थान पर व्यावसायिक कार्य किए जा रहे है। ऐसे भवन स्वामियों को हिदायत दी जाती है कि अपनी पार्किंग करवाना सुनिश्चित करे। अन्यथा नगर निगम द्वारा जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक निगमायुक्त नीरज, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई सुनील लाम्बा, जेई कुशल, जेई कुलदीप, जेई अर्जुन नाथ, जेई अंकुर चौहान सहित नक्शा नवीस एसोसिएशन के प्रधान अजय मित्तल व सदस्य मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर में जितनी भी भवन बन रहे है वे नियमानुसार बने। जिसमें आप सभी नक्शा नवीस का सहयोग जरूरी है। जिस प्रकार एचएसवीपी में भवनों का निर्माण का नियमानुसार किया जाता है। ठीक उसी प्रकार नगर निगम द्वारा नक्शा पास भवन नक्शे के अनुरूप ही बने। उसमें किसी तरह का अवैध निर्माण कार्य न हो। इसके लिए नक्शा नवीस अपना सहयोग दें। जब कोई नागरिक आपके पास नक्शा बनाने और उसे नगर निगम में अप्लाई करवाने आए तो उसे भवन निर्माण के बारे में पूर्ण जानकारी दे। ताकि भवन निर्माण में किसी प्रकार नियमों का उल्लंघन न हो और भवन निर्माण के बाद ऑकेप्शन सर्टिफिकेट लेना भी आवश्यक है ताकि भवन मालिक को भविष्य में किसी को कोई परेशानी न हो। निगमायुक्त नीरज ने कहा कि बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार बने यह प्रशासन के साथ-साथ नक्शा नवीस की भी जिम्मेदारी है।



हिसार। बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली।



# ओथेलो सिंड्रोम जब बेवजह साथी पर होने लगे संदेह

जब कोई पुरुष या स्त्री बिना किसी ठोस कारण या प्रमाण के अपने साथी पर विश्वासघात करने का संदेह करने लगे तो ऐसा ओथेलो सिंड्रोम नामक मनोरोग के कारण हो सकता है। इसकी होने की कई वजहें हैं। लेकिन इसके लक्षण सामने आने पर ट्रीटमेंट करवाने में देर नहीं करनी चाहिए। इस रोग के बारे में विस्तार से जानिए।



मेंटल हेल्थ
डॉ. गौरव गुप्ता
वरिष्ठ मनोचिकित्सक
तुलसी हेल्थकेयर, नई दिल्ली-गुरुग्राम



ओथेलो सिंड्रोम एक ऐसा मनोविकार है, जिसके कारण व्यक्ति भ्रमित होकर इस गलत धारणा का शिकार हो जाता है कि उसका जीवनसाथी या साथी बेवफा है, भले ही उस बेवफाई का कोई सुबूत मौजूद न हो। इससे ग्रस्त होकर कई बार व्यक्ति असामान्य या आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दे सकता है। इस मनोरोग को ओथेलो सिंड्रोम का नाम अंग्रेजी भाषा के महान साहित्यकार शेक्सपियर के एक नाटक के पात्र ओथेलो के नाम पर रखा गया है, जो ईर्ष्या से ग्रस्त था। ओथेलो सिंड्रोम के बारे में यहां जानकारी देने का उद्देश्य लोगों को इस मनोरोग के प्रति जागरूक करना है। इसकी आड़ में किसी भी तरह के अपराध को कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता।

**इन लक्षणों पर दें ध्यान** : ओथेलो सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्ति में अपने साथी के प्रति ईर्ष्या और संदेह का भाव बहुत प्रबल होता है। सबूतों के अभाव के बावजूद यह भ्रामक यकीन कि उसका साथी विश्वासघाती है, अत्यधिक ईर्ष्या और संदेह को जन्म देता है। एक-दूसरे के विवाहेतर संबंधों के संदर्भ में किसी प्रमाण के बगैर शक करना। मरीज अपने साथी की बेवफाई की जांच-पड़ताल करने या उसे रोकने के लिए आक्रामक या जुनूनी व्यवहार कर सकता है। मरीज अपने साथी के प्रति आक्रामक हो सकता है और वह हत्या या आत्महत्या भी कर सकता है। व्यक्ति अपने साथी या खुद को नुकसान पहुंचा सकता है। छोटी सी बात पर भयंकर क्रोध करना और अपने साथी पर बिल्कुल भरोसा न करना। ऐसा व्यक्ति सामाजिक मेल-मिलाप से दूर हो सकता है। इस सिंड्रोम से ग्रस्त मरीज अपने साथी पर अत्यधिक निगरानी करने लगता है और उस पर धोखा देने का आरोप लगाने लगता है। साथी की गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखना, उसके फोन कॉल और सोशल मीडिया की जांच करना जैसे कार्यों को अंजाम दे सकते हैं।

**संभव हैं अनेक कारण:** ओथेलो सिंड्रोम रोग होने के कई कारण हो सकते हैं। इलाज से पूर्व इसके कारणों के बारे में जानना जरूरी होता है।

**अन्य मनोरोग:** ओथेलो सिंड्रोम अन्य मनोरोगों जैसे सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर डिसऑर्डर या एंग्जाइटी आदि के कारण हो सकता है। ओथेलो सिंड्रोम न्यूरोलॉजिकल स्थितियों जैसे मनोभ्रंश या डिमेंशिया और मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के कारण भी हो सकता है। ब्रेन ट्यूमर के दुष्प्रभाव के कारण व्यक्ति की सोच एब्नॉर्मल हो सकती है।

**मस्तिष्क में असामान्यता:** मस्तिष्क के किसी भाग में संरचनात्मक खराबी या एब्नॉर्मेलिटी के कारण भी ओथेलो सिंड्रोम की समस्या हो सकती है।

**मादक पदार्थों का इस्तेमाल:** शराब और अन्य मादक पदार्थों की लत एक अरसे बाद इस सिंड्रोम के खतरे को बढ़ा सकती है।

**मस्तिष्क की चोटें या अन्य कारण:** मस्तिष्क पर लगी गहरी चोटें या कुछ मस्तिष्क रसायनों यानी न्यूरोकेमिकल्स) में असंतुलन की स्थितियां भी ओथेलो सिंड्रोम का कारण ट्रिगर कर सकती हैं।



**न्यूरोडीजेनेरेटिव डिजीज:** अल्जाइमर या पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियां, ओथेलो सिंड्रोम की समस्या को ट्रिगर कर सकती हैं।

**ऐसे करते हैं ट्रीटमेंट:** मनोचिकित्सक ओथेलो सिंड्रोम के मरीज की स्थिति और उसके लक्षणों के आधार पर इस मनोरोग का इलाज करते हैं। इस समस्या का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है। हां, समुचित उपचार से इस रोग को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सकता है। जैसे-

**मनोचिकित्सा:** संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी संक्षेप में-सीबीटी) या अन्य प्रकार की मनोचिकित्सा व्यक्ति को ईर्ष्या से संबंधित विचारों, उसके असामान्य विचारों और व्यवहारों से निपटने में मदद करती है।

**दवाएं:** एंटीसाइकोटिक्स आदि दवाएं लक्षणों को कम करने में सहायक हैं। ऐसी दवाएं न्यूरो केमिकल्स को संतुलित करने में मदद करती हैं।

**नशा मुक्ति उपचार:** यदि नशीले पदार्थ के दुरुपयोग के कारण यह सिंड्रोम ट्रिगर होता है, तब इन लतों का उपचार आवश्यक है।

**अन्य मानसिक समस्याओं का उपचार:** यदि रोगी को ओथेलो सिंड्रोम के साथ-साथ अन्य मानसिक स्वास्थ्य विकार भी हैं, तो उनका भी इलाज किया जाता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

---



डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

# बहुत पेनफुल डिजीज है क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी

जब पैरों में मौजूद नसों से ब्लड फ्लो सही तरीके से हार्ट तक नहीं हो पाता है उसे क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी कहते हैं। इससे नसों में सूजन आ जाती है, जो बहुत पेनफुल होता है। इससे बचने के लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में किन बातों का ध्यान रखें, यहां बता रहे हैं।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों पैरों की नसों से जुड़ी गंभीर बीमारी क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी (सीवीआई) से ग्रसित हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसका असर पेशेंट के रूटीन वर्क पर भी पड़ता है।

**क्या है यह बीमारी:** क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी एक ऐसी बीमारी है, जिसमें पैरों की नसें सही तरीके से खून को वापस हार्ट तक नहीं पहुंचा पाती हैं। असल में ब्लड हार्ट से पंप होने के बाद वेंस के माध्यम पूरे शरीर में सर्कुलेट होता है। हमारे शरीर में वेंस के दो चैनल होते हैं- डीप और सुपरफिशियल। डीप वेंस हमारे शरीर की मसल्स के अंदर गहराई में होती हैं, जो ब्लड का फ्लो हार्ट से पैरों तक बनाने में मदद करती हैं। दूसरी सुपरफिशियल वेंस स्किन के नीचे होती हैं, जो दूषित ब्लड को पैरों से हार्ट तक वापस ले जाती हैं। ताकि वहां ब्लड फिल्टर होकर साफ हो जाए और साफ ब्लड शरीर के अन्य अंगों तक जा सके। सामान्य रूप से नसों में छोटे-छोटे वाल्व होते हैं, जो खून को हार्ट की तरफ फ्लो में मदद करते हैं। लेकिन कभी-कभी कई कारणों से ब्लड वेंस के वॉल्व खराब या कमजोर पड़ जाते हैं। इससे वेंस में रुकावट आ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन ठीक तरह से नहीं हो पाता है। यानी ब्लड हार्ट की तरफ नहीं जाता है और धीरे-धीरे पैरों के अंदर इकट्ठा होने लगता है। जिसकी वजह से नसों में दबाव बढ़ जाता है। पैरों में सूजन और दर्द रहता है। कई मामलों में नसों में ब्लीडिंग भी हो सकती है, जो घाव या अल्सर का रूप ले लेती है। व्यक्ति को चलने या रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत होने लगती है।

**क्या हैं कारण:** पैरों की नसों में होने वाली वेरिकोस वेंस समस्या, क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी का बड़ा कारण है। ये वेंस स्किन के नीचे नीले रंग के गुच्छे के रूप में दिखाई देती हैं। नजरअंदाज करने पर ये धीरे-धीरे मोटी होती जाती हैं और हार्ट तक ब्लड ले जाने वाली वेंस पर दबाव डालती हैं। दबाव पड़ने से वेंस में रुकावट आ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। इस स्थिति के कई और कारण भी जिम्मेदार हो सकते हैं-

- 60 साल की उम्र के बाद ब्लड वेसल्स में कमजोरी आना।
- फैमिली हिस्ट्री या आनुवांशिक रक्त विकार होना।
- गर्भावस्था में बच्चे के विकास के कारण पेट की नसों में प्रेशर रहने से पैरों से दिल की तरफ वापस रक्त प्रवाह में बाधा आना।
- आरामपरस्त जीवनशैली की वजह से मोटापे का शिकार होना। मोटापे से पैरों की नसों पर दबाव पड़ना।
- ऐसे प्रोफेशंस, जिसमें लंबे समय तक खड़े रहने का काम होता है। जैसे पुलिस, टीचर या बस कंडक्टर्स, आर्मी पर्सनल्स जैसे प्रोफेशन के लोग जिन्हें लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है। देर तक खड़े होकर काम करने से वेंस की वॉल्व पर प्रेशर पड़ना।
- काम करते वक्त अधिक देर तक बैठे रहना या लंबी यात्रा पर कार या एयरोप्लेन से जाते हुए देर तक एक पोजिशन में बैठे रहना।
- दुर्घटना या ट्रामा होने पर पैरों की नसों में चोट लगना।
- किसी बीमारी या सर्जरी की वजह से मरीज का लंबे समय तक बेड रेस्ट पर होना।
- धूम्रपान करने से ब्लड वेंस की वॉल्व का कमजोर होना।

**रोग के प्रमुख लक्षण:** इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-

- पैरों में नीले रंग की पतली-पतली नसों का गुच्छा या छोटे-छोटे घाव दिखना।
- पैर की पिंडलियों में वेरिकोस वेंस होना यानी नसों का फूलना या सूजन आना। सूजन सुबह न होना, दिन के साथ-साथ यानी शाम तक बढ़ जाना।
- पैर और पिंडलियों की मसल्स में असहनीय दर्द होना। ज्यादा खड़े होने या चलने में मुश्किल आना, जबकि लेटने या सोने पर तकलीफ न होना।



- पैर का रंग बदलना यानी लाल या नीला होना।
- पैर में बहुत खुजली होना।
- पैरों की त्वचा अधिक गर्म होना।

**कैसे होता है डायगनोज:** कलर वेंस डॉप्लर अल्ट्रासाउंड किया जाता है, जो पैरों की वेंस और इनके वॉल्व की जांच करता है। इससे वेंस में ब्लड सर्कुलेशन की स्थिति का भी पता चल जाता है।

**न करें इग्नोर:** वैसे तो क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी बीमारी जानलेवा नहीं है, लेकिन काफी दर्दनाक होती है। अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। ब्लड थ्रंबोसिस ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार दुनिया की तकरीबन 10 प्रतिशत आबादी वेरीकोस वेंस की समस्या का सामना कर रही है। भारत में हर चौथी महिला और हर सातवें पुरुष को वेरीकोस वेंस की समस्या है। आमतौर पर यह बीमारी उम्रदराज लोगों को ज्यादा होती है, लेकिन वर्तमान आधुनिक आरामपरस्त जीवनशैली और स्टेंडिंग जॉब करने वाले युवाओं में भी देखने को मिलती है। अकसर इसे इगनोर किया जाता है। समय पर उपचार न करवाने पर कई बार पैरों की नसों में सूजन आ जाती है और छोटी-छोटी नसें घाव का रूप ले लेती हैं।



**कैसे किया जाता है उपचार:** क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी का कोई डायरेक्ट ट्रीटमेंट नहीं है। नसों की वॉल्व में खराबी आने, वेरिकोस वेंस होने या ब्लड फ्लो सुचारू न होने पर मिनिमल इंवेसिव तकनीक यानी छोटी-सी लेजर सर्जरी की जाती है। प्रभावित जगह पर बाहर से पिन होल करके लेजर ग्लू आरएफए द्वारा नस बंद कर दी जाती है या निकाल दी जाती है।

मरीज को पैरों में कंप्रेशन स्टॉकिंस पहनने के लिए दी जाती हैं। खून पतला करने के लिए ब्लड थिनर मेडिसिन दी जाती हैं या इंजेक्शन लगाए जाते हैं। जो ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने में मदद करते हैं। दर्द से राहत पहुंचाने के लिए पेनकिलर मेडिसिन भी दी जाती हैं।

**ऐसे करें बचाव:** सीवीआई की समस्या को लाइफस्टाइल में बदलाव करके कंट्रोल किया जा सकता है।

- स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाएं।
- एक जगह ज्यादा देर तक बैठे या खड़े न रहें। बीच-बीच में पैर ऊपर करके बैठें। हर एक घंटे बाद अपनी सीट से उठकर 5-10 मिनट टहलें। व्यायाम या छोटे-मोटे काम करें। बैठते या लेटते हुए भी एंकल एक्सरसाइज करें।
- यथासंभव लेट जाएं और लेटते वक्त पैरों के नीचे तकिया रखकर ऊपर उठाएं, पैरों को हिलाते रहें या एक्सरसाइज करें।
- रेगुलर एक्सरसाइज करें। मोटापा नियंत्रित करें।
- खान-पान का ध्यान रखें। पौष्टिक और संतुलित आहार लें। प्रिजर्वेटिव, डीप फ्राइड, जंक फूड, अधिक चीनी-नमक वाली चीजों से परहेज करें। रोजाना तीन लीटर तक पानी या लिक्विड डाइट लें ताकि शरीर में रक्त प्रवाह सुचारू रहे।
- सोने-जागने का शेड्यूल ठीक रखें। मोटापे से बचने के लिए दिन में सोना अवॉयड करें।
- धूम्रपान, एल्कोहल या किसी तरह के नशीले पदार्थ के सेवन से परहेज करें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

---

# नवजात बच्चों में पीलिया प्रॉपर ट्रीटमेंट है जरूरी

प्रिकॉशन



नवजात बच्चों में पीलिया होना कॉमन समस्या है, लेकिन इसे इग्नोर नहीं करना चाहिए। इसका कारण बच्चे के ब्लड में बिलीरुबिन नामक पदार्थ का बढ़ जाना होता है। अगर इसका समय पर सही इलाज न किया जाए तो यह उसके दिमाग को भी नुकसान पहुंचा सकता है या बच्चे के विकास में रुकावट डाल सकता है। इस बारे में नोएडा (नई दिल्ली-एनसीआर) स्थित मदरहुड अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट नियोनेटोलॉजी-पीडियाट्रिक्स **डॉ. अक्षय मेहता** कहते हैं, 'लोग सोचते हैं कि बच्चे को केवल धूप दिखाने से पीलिया ठीक हो जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है। धूप से बच्चे को सही तरह की नीली लाइट नहीं मिलती। बल्कि धूप में रहने से बच्चे का टेंप्रेचर बढ़ सकता है, उसे डिहाइड्रेशन या स्किन बर्न भी हो सकता है। अगर बच्चे को पीलिया ज्यादा है तो उसका इलाज जरूरी होता है। यह भी गलत धारणा है कि पीलिया अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर इसका स्तर ज्यादा है तो डॉक्टर से प्रॉपर इलाज करवाना जरूरी है। देरी करने से बच्चे के दिमाग पर असर पड़ सकता है। कुछ लोग मानते हैं कि सिर्फ त्वचा का पीला होना ही पीलिया का संकेत है, जबकि गहरे रंग के बच्चों में आंखों, मसूड़ों या पैरों में भी पीलिया का लक्षण दिख सकता है। फोटोथेरेपी को लेकर भी लोगों में भ्रम है कि यह हानिकारक होता है, जबकि यह बहुत सुरक्षित और असरदार इलाज है। इसमें बच्चे को स्पेसिफिक लाइट दी जाती है, जिससे बिलीरुबिन कम होता है। पैरेंट्स को ध्यान रखना चाहिए कि पीलिया की समय पर पहचान और सही इलाज से ही बच्चे की जान बचाई जा सकती है।' *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

डाइट सजेशन
बुशरा फातमा

# मिलेट्स को बनाएं डेली डाइट का हिस्सा

मिलेट्स यानी मोटे अनाज को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। आप भी इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इनके सेवन से होने वाले फायदों के बारे में जानिए।





अपना देश जिस तेजी से डायबिटीज कैपिटल बनने की कगार पर है वह चिंता का विषय है। हमारे खान-पान की गलत आदतें, इस तरह पश्चिमी देशों से प्रभावित होती दिखाई दे रही हैं कि यहां मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी बीमारियां लगभग हर दूसरे घर में मिलनी शुरू हो गई हैं। बढ़ते हार्ट अटैक ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे में हेल्थ को लेकर लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। खान-पान की आदतें हमें समय रहते बदलनी जरूरी है। ऐसे में मिलेट्स को आज के दौर में खान-पान का जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए। मिलेट्स बहुत सी खूबियों से भरा है, जिससे ये हमें बहुत सी बीमारियों से भी बचाने में मदद करता है।

**पाचनतंत्र को मजबूत बनता है:** मिलेट्स जैसे रागी, ज्वार, बाजरा आदि में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है, जिससे डाइजेशन अच्छा होता है। साथ ही ग्लूटेन फ्री होने की वजह से इसे पचाना आसान है। हर मिलेट में अलग-अलग पोषक तत्व होते हैं, इसलिए अपने शरीर की प्रकृति के अनुसार ही मिलेट्स का चुनाव करना चाहिए। जिन्हें कब्ज की समस्या हो, उन्हें मिलेट्स को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**हृदय को रखे स्वस्थ:** इन दिनों जिस तेजी से हार्ट अटैक की समस्या बढ़ रही है, उसमें खान-पान में लापरवाही इसके रिस्क रेट को और भी बढ़ा सकती है। मिलेट्स में मौजूद मैगनीशियम और पोटेशियम, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसलिए मिलेट्स से बनी कोई भी डिश दिन भर में एक समय की डाइट में जरूर शामिल करनी चाहिए। ज्वार या बाजरे की रोटी, चावल या गेहूं की रोटी की जगह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**डायबिटीज को कंट्रोल करता है:** जिनका शुगर लेवल बॉर्डर पर हो या जिन्हें डायबिटीज की समस्या है, उन्हें मिलेट्स को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। चूंकि मिलेट्स का ग्लायसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में बहुत मदद करता है। ऐसे में ब्रेकफास्ट में रागी, इडली, डोसा या मिलेट्स फ्लेक्स से बना उपमा एक अच्छा ऑप्शन है। इससे आपकी डायबिटीज कंट्रोल रहेगी।

**ब्रेन फूड है मिलेट्स:** चूंकि आजकल बच्चों के खान-पान में जंक फूड ने इस तरह जगह बना ली है कि उन्हें सही न्यूट्रिशन नहीं मिल पाता। अच्छे दिमागी विकास के लिए बच्चों के डाइट में मिलेट्स का होना बहुत जरूरी है। इनमें आयरन और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो बच्चों के मानसिक विकास और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करते हैं। बच्चों को मिलेट्स से बने लड्डू, स्नैक्स खिलाने से वो बाहर बिकने वाले जंक फूड से बचेंगे और ये उनके संपूर्ण विकास में सहायक भी होगा।

**वजन कंट्रोल करने में भी है मददगार:** मिलेट्स में मौजूद फाइबर की वजह से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे खाने की क्रेविंग कम हो जाती है। इससे व्यक्ति कम खाना खाता है। अगर बढ़ते वजन से परेशान हैं तो उन्हें मिलेट्स से बने डिशेज वजन कंट्रोल करने में मदद करेंगे।

**बरतें सावधानी:** मिलेट्स खाने के फायदे तो बहुत हैं लेकिन इसे खाने में थोड़ी सावधानी भी बरतनी चाहिए। चूंकि इसमें फाइबर की प्रचुर मात्रा होती है इसलिए जिन लोगों को डाइजेस्टिव ब्लॉटिंग जैसी समस्या है, उन्हें मिलेट्स को पकाने से पहले पानी में सोक यानी भिगोने के बाद इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही अंकुरित और फर्मेंटेड मिलेट्स का सेवन करना चाहिए। *

**(होम्योपैथ डॉ. अश्वनी कानेटकर से बातचीत पर आधारित)**

---

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

# शुरुआती योगाभ्यासियों के लिए सबसे अच्छा है त्रिकोणासन

अगर आप योगाभ्यास की शुरुआत करने वाले हैं तो त्रिकोणासन करना बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकता है। इसे करना आसान होता है और इससे कई शारीरिक फायदे भी होते हैं। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में जानिए।



योगासनों के अभ्यास की शुरुआत करने वालों के लिए त्रिकोणासन सबसे अच्छा माना जाता है। क्योंकि इसमें योग की तीनों बुनियादी बातें जैसे स्ट्रेच, बैलेंस और श्वसन नियंत्रण एक साथ सीखने को मिलते हैं। साथ ही यह आसन बाकी कई आसनों से अपेक्षाकृत आसान और सुरक्षित होता है, क्योंकि इससे शरीर पर कम दबाव पड़ता है। इसमें शरीर जमीन के करीब जाता है, लेकिन घुटनों और हाथों पर ज्यादा वजन नहीं पड़ता। इस आसन से हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों को धीरे-धीरे खिंचाव मिलता है, अचानक से झटका नहीं लगता। साथ ही यह आसन कमर, कूल्हे, जांघ, हैमस्ट्रिंग और कंधों को खींचता है। यह आसन शुरुआत में हाथ, घुटने या जांघ पर रखकर किया जा सकता है। बाद में जमीन तक झुकने की क्षमता बढ़ जाती है। इस आसन में शरीर का वजन दोनो पैरों पर बराबर बांटना पड़ता है, जिससे शुरुआत में लोग संतुलन बनाना और सही मुद्रा बनाना सीख जाते हैं। दूसरे आसनों के मुकाबले इस आसन से सांस पर ध्यान केंद्रित करना आसान होता है। साथ ही इस आसन में चोट लगने का खतरा सबसे कम होता है। लेकिन इस एक ही आसन में रीढ़, पेट, पैर, हाथ और गर्दन को सक्रिय किया जा सकता है, जिससे नए लोग भी जल्द आसन के परिणाम महसूस करते हैं।

**त्रिकोणासन के शारीरिक फायदे:** त्रिकोणासन या ट्रायएंगल पोज के बहुत महत्वपूर्ण शारीरिक फायदे होते हैं। मसलन- यह रीढ़ और कमर के लिए बहुत उपयोगी आसन है। इससे रीढ़ की हड्डी में लचीलापन बढ़ता है और कमर की अकड़न कम होती है। यह आसन करने से जांघें और पैर मजबूत होते हैं। इस आसन से जांघ, घुटनों और पिंडलियों की मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे जांघें और पैर मजबूत होते हैं। यह आसन कंधे और छाती को खोलता है। इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और श्वसन तंत्र बेहतर होता है। यह आसन पेट की मांसपेशियों को सक्रिय करता है, जिससे कब्ज और गैस की समस्या में राहत मिलती है तथा पाचन में सुधार होता है। यह आसन शरीर और मन के बीच तालमेल बढ़ाता है, जिससे संतुलन सधता है और एकाग्रता बढ़ती है। यह आसन हल्के दर्द में फायदा पहुंचाता है, जिससे साइटिका और पीठ दर्द में राहत मिलती है। लेकिन अगर दर्द गंभीर हो, तो बिना डॉक्टर से पूछे यह आसन न करें।

**आसन करने का सही तरीका:** त्रिकोणासन सही तरीके से किया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि सुबह आसन किया जाए। लेकिन यदि किसी वजह से शाम को आसन करें तो सुनिश्चित करें कि कम से कम साढ़े चार से पांच घंटे पहले भोजन किया हो। यह आसन सही तरीके से करने के लिए कदम दर कदम यह तरीका अपनाएं। सबसे पहले सीधे खड़े हों और दोनों पैरों के बीच आपस में तीन से साढ़े तीन फुट का फासला रखें। अब दोनों हाथों को कंधों के समानांतर फैलाएं और ध्यान रहे कि इस समय हथेलियां नीचे की तरफ हों। अब दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर और बाएं पैर को 15 डिग्री अंदर की ओर मोड़ें। इसके बाद दाहिनी ओर झुकें, इस समय दाहिना हाथ, पैर, टखने या जमीन पर रखें। जहां रखना आपको ज्यादा सुविधाजनक लगे। इसके बाद श्वास छोड़ते हुए धीरे- धीरे झुकें। अब बाएं हाथ को आसमान की ओर सीधा करें और नजरें ऊपर बाएं हाथ की अंगुलियों की ओर घुमाएं। इस स्थिति में 20 से 30 सेकेंड रहें, फिर धीरे-धीरे सांस लेते हुए वापस आएं। दूसरी प्रक्रिया भी इसी क्रम में दोहराएं।

**कब न करें त्रिकोणासन:** हाल में अगर गर्दन, पीठ, घुटने या कूल्हे में कहीं चोट लगी हुई है तो त्रिकोणासन करने से बचें। स्लिप डिस्क, वर्टिको या गंभीर कमर दर्द की स्थिति हो तो भी त्रिकोण आसन से दूर रहें। लो ब्लड प्रेशर की शिकायत हो या गर्भावस्था दूसरे या तीसरे महीने में चल रही हो तो बिना प्रशिक्षक की देख-रेख में यह आसन न करें।

**त्रिकोणासन के पहले और बाद में क्या करें:** त्रिकोणासन के पहले हल्का वार्मअप करें। इसके तहत गर्दन घुमाएं, कंधे ढीले करें, पैरों में स्ट्रेच करें। त्रिकोणासन करने के पहले कभी भी भारी खाना न खाएं। मन शांत रखें। इसी तरह त्रिकोणासन करने के बाद एक से दो मिनट शवासन करें। *

## खबर संक्षेप

### साइबर क्राइम व नशे के प्रति किया जागरूक

**हांसी।** हिन्दू सीनियर माध्यमिक स्कूल में चल रही नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों को पुलिस ने साइबर क्राइम व नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। पुलिस चौकी सिसाय पुल प्रभारी एसआई जोगिंद्र कुमार ने सिसाय रोड़ स्थित हिन्दू सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चल रही नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया

### ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में किया प्रदर्शन

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन मुख्यालय हिसार के तत्वावधान में थर्मल खेदड़ के प्रांगण में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी - 2025 को रद्द करने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री हरियाणा व अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे सर्कल सचिव देवेंद्र भारद्वाज ने की। इस अवसर पर संदीप सहारण, शमशेर सिंह, प्रमोद जांगड़ा, सुखदेव शर्मा, दिलबाग भट्टू, विजयपाल सांगवान, रणवीर राठी, संजीत मान आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. अमित बने लायंस क्लब रॉयल के प्रधान

**बरवाला।** लायंस क्लब बरवाला रॉयल द्वारा लायन डॉ. प्रेम मेहता की अध्यक्षता में क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें लायन डॉ. अमित कुमार बरवाला को प्रधान चुना गया और डॉ. नवीन सहरावत को सचिव का पद तथा लायन हरीश कथूरिया को कोषाध्यक्ष के पद की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान लायंन सुशील जैन, डॉ. प्रेम मेहता, डॉ. देशराज, डॉ. दिनेश कथूरिया, डॉ. अमित रहेजा, हरीश कथूरिया, डॉ. गौरव गिरधर, जयभगवान आदि मौजूद रहे।

### स्ट्रीट लाइट लगवाने पर जताया आभार

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच ने सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन के आसपास के क्षेत्र में खंभे व स्ट्रीट लाइट लगवाने पर आभार जताया है। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल व वाइस चेयरमैन सीए अजय गोयल ने विधायक सावित्री जिंदल और पार्षद जगमोहन मित्तल का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सुंदर खंभों पर आधुनिक लाइट लगने से इस क्षेत्र की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं।

### अग्रोहा शक्तिपीठ पर होगा अग्रसेन जयंती समारोह

**हिसार।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन अपनी स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर की महाराजा अग्रसेन जयंती का भव्य आयोजन 20 से 22 सितंबर तक अग्रोहा शक्तिपीठ पर करेगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रवक्ता विपिन गोयल छानीवाला ने बताया कि यह आयोजन समाज और राष्ट्रहित के प्रति अग्रवाल समाज के योगदान को समर्पित होगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अग्र भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसका रसपान श्रद्धालु महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पूरी के पावन मुखारविंद से करेंगे।

---

### विश्वविद्यालय खेल परिषद की 23वीं बैठक आयोजित, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए

# गुजवि ने खिलाड़ियों का दैनिक व बैडिंग भत्ता 350 से बढ़ाकर किया 600 रुपये

- बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्पोर्टस कैलेंडर अनुमोदित किया
- इंटर कॉलेज, इंटर यूनिवर्सिटी भागीदारी तथा इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए 24 खेलों का होगा आयोजन



हिसार। स्पोर्टस काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की खेल परिषद की 23वीं बैठक की कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई की अध्यक्षता में हुई। कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में हुई बैठक में कुलसचिव डा. विजय कुमार भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि बैठक में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बैठक में स्पोर्टस कलेंडर अनुमोदित किया गया, जिसमें इंटर कॉलेज, इंटर यूनिवर्सिटी भागीदारी तथा इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए 24 खेलों के आयोजन शामिल हैं। योगा व कबड्डी खेलों के आयोजन को लेकर भारतीय विश्वविद्यालय संघ को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव पास किया गया।

**नए शैक्षणिक सत्र के लिए 58 लाख का बजट पास**

बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 58 लाख रुपये का बजट पास किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। खिलाड़ियों के दैनिक भत्ते तथा बैडिंग भत्ते को बढ़ाकर 350 रूपये से 600 रुपये कर दिया गया है। इसमें 400 रुपये दैनिक भत्ता तथा 200 रूपये बैडिंग भत्ता शामिल है।

**यह रहे उपस्थित**

बैठक में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, डीन स्टूडेंटस वेलफेयर प्रो. अनिल भानखड़, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार, चीफ वार्डन ब्वाएज प्रो. ओमप्रकाश सांगवान, चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सुजाता सांघी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला, एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार शर्मा, फार्मास्युटिकल विभाग के डॉ. विक्रमजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

# हैंडराइटिंग में डीपीएस के विद्यार्थियों ने पाई सफलता



हिसार। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हैंडराइटिंग एवं स्पेल बी प्रतियोगिता में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय और शहर का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में पूरे देश से 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विद्यालय के छात्र अविराज ने अपनी सुंदर लेखन कला से सभी को प्रभावित करते हुए नेशनल हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया और साथ ही 1000 रुपये का नगद पुरस्कार भी प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा प्रियांशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने दोनों विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षिका अचरी गर्ग को बधाई दी है।

---

# छात्र हर क्षेत्र में करें उत्कृष्ट प्रदर्शन : परूथी

- इंडस पब्लिक स्कूल मिर्चपुर में भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता



नारनौंद। विजेता छात्रों पुरस्कार को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि प्रवीन परूथी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौंद

इंडस पब्लिक स्कूल मिर्चपुर में भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें इंडस शिक्षण संस्थानों के समन्वयक प्रवीण पुरुथी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें तभी वह अपनी मंजिल को आसानी से पा सकेंगे। स्कूल के प्रिंसिपल विजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं में चार सदन विन्ध्या, अरावली, नीलगिरि और शिवालिक के छात्रों ने अपने-अपने सदन का प्रतिनिधित्व करते हुए सोत्साह भाग-ग्रहण किया। ये दोनों प्रतियोगिताएं दो वर्गों में आयोजित की गई। कनिष्ठ वर्ग में भाषण प्रतियोगिता में शिवालिक सदन की दसवीं कक्षा की छात्रा रिया ने प्रथम, शिवालिक सदन की ही छात्रा सौफिया ने द्वितीय एवं नीलगिरि सदन के नौवीं कक्षा के छात्र वर्णित ने तृतीय स्थान हासिल किया। कनिष्ठ वर्ग में ही कविता-पाठ प्रतियोगिता में शिवालिक सदन की छात्रा सुप्रिया ने प्रथम, नीलगिरि सदन की छात्रा विनिता ने द्वितीय और शिवालिक सदन के छात्र यश्वी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

वरिष्ठ वर्ग में भाषण-प्रतियोगिता में नीलगिरि सदन की छात्रा 12वीं कक्षा की छात्रा खुशी ने प्रथम, अरावली सदन की छात्रा ज्योति ने दूसरा और शिवालिक सदन की 11वीं कक्षा की छात्रा साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग की कविता-पाठ प्रतियोगिता में अरावली सदन आठवीं कक्षा की छात्रा अक्षिता ने प्रथम, नीलगिरि सदन की छात्रा देवांशी ने दूसरा एवं नीलगिरि सदन सातवीं कक्षा की छात्रा अवनि ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्यातिथि ने विजेताओं को इनाम देकर पुरस्कृत किया।

---

# विद्यार्थियों को समय पर तैयारी करने व अनुशासन में रहने का दिया संदेश

- गुजवि में नव आगंतुक विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम



हिसार। गुजवि में कार्यक्रम में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन मित्तल को सम्मानित करते आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम में बीटेक के नवआगंतुक विद्यार्थियों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास से जुड़े अहम विषयों पर जानकारी दी गई।

पहले सत्र में परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली, परीक्षा नियमों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समय पर तैयारी करने और अनुशासन में रहने का संदेश भी दिया और परीक्षा में उत्तीर्ण होने के गुर सिखाए। दूसरे सत्र में शहर के प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन मित्तल ने 'मुस्कान - सफल व्यक्तित्व की कुंजी' विषय पर विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को ओरल हाइजीन की महत्ता बताते हुए दांतों से संबंधित रोगों और उनके सरल समाधान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजन कुमार बराल और डिप्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. संजीव कुमार ने डॉ. सचिन मित्तल को सम्मानित किया।

---

# मनीषा को न्याय दिलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उकलाना



मनीक्षा को न्याय दिलवाने के लिए कैंडल मार्च निकाला

भिवानी जिले की शिक्षिका मनीषा को लेकर को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर उकलाना क्षेत्र में महिला व पुरुषों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए मनीषा को न्याय दिलवाने की मांग की।

स्थानीय निवासियों ने सरकार से मांग की है कि मनीषा को न्याय मिले जिसके लिए सरकार को संज्ञान लेने की जरूरत है। उकलाना की हर गली, मोहल्ले में कैंडल मार्च निकालकर महिला पुरुषों में संदेश देने का काम किया कि ऐसा हादसा किसी के साथ न हो। इस मौके पर संतोष, रोशनी, कमलेश रानी, सोनू गौतम, सागर, आदि मौजूद रहे।

---

# जयवीर बने डिपो होल्डर एसोसिएशन के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौंद



सभी डिपो धारक नई कार्यकारिणी बनाने के लिए नारनौंद केंद्र के कार्यालय में इकट्ठा हुए और सर्वसम्मति से नारनौंद डिपो संगठन का प्रधान बनाने के लिए प्रस्ताव रखा।

प्रस्ताव उपप्रधान महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में रखा गया। इसमें सभी की सहमति से डिपो धारक जयवीर गैबीनगर को डिपो होल्डर एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया गया। गांव मोठ निवासी महेंद्र सिंह को दोबारा से उप प्रधान बनाया गया। धर्मवीर सिंह खांडाखेड़ी को सचिव नियुक्त किया गया। राजेश उगालन को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर नव नियुक्त यूनियन के प्रधान जयवीर ने कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा और डिपो धारकों की जो समस्याएं हैं। वह सरकार के समक्ष उठाई जाएंगी।

---



### सबसे युवा व दूरदृष्टा प्रधानमंत्री थे राजीव गांधी : बृजलाल

**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा है कि राजीव गांधी भारत के सबसे युवा और दूरदृष्टा प्रधानमंत्री थे। उन्होंने सूचना-प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर क्रांति, पंचायती राज और शिक्षा सुधारों के माध्यम से भारत को 21वीं सदी की दिशा दी। बृजलाल जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामनिवास घोडेला, टैक्स ट्रिब्यूनल के पूर्व न्यायाधीश हरपाल बूरा, एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना, कांग्रेस नेता धर्मवीर गोयत, युवा नेता गौरव संपत सिंह, भूपेन्द्र सिंह गंगवा, संतोष जून, वीरमती सरोहा, पूर्व चेयरमैन कृष्ण सिंगला उर्फ टीटू, हनुमान ऐरन, पार्षद सत्यवान पानू, दिलबाग सिंह हुड्डा, मनोज राठी, भरत सिंह मलिक, आनंद जाखड़, वज़ीर सिंह पूनिया सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

---

# एसडी मॉडर्न स्कूल में भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी



हांसी। भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बुधवार को भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठवीं व नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया गया। प्रतियोगिता में विवेकानंद, गार्गी, सुभाष व सरोजिनी सदन से प्रत्येक टीम से चार-चार प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस से साक्षी, गरिमा, तन्वी ढांडा व यश प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्राचार्या ऋतु सिंह ने भूगोल विषय के महत्व को बताया कि ऐसे क्विज न केवल ज्ञान वर्धन करते हैं बल्कि टीम वर्क और त्वरित निर्माण क्षमता को भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन भूगोल अध्यापिका एचओडी सोशल साइंस सुमन झांब, रेनू शर्मा व शिखा मेहता की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रबंधन समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने विजेता टीम को बधाई दी।

---



### युवाओं को एकजुट रहने की दिलवाई शपथ

**भिवानी।** जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव और लेखा प्रभार जितेंद्र सैनी के मार्गदर्शन में सद्भावना दिवस पर माय भारत भिवानी एवं युवा विकास क्लब मिताथल के संयुक्त तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि मिताथल सरपंच नरेश कुमार तथा विशेष अतिथि मास्टर पवन कुमार उपस्थित रहे। मुख्यतिथि नरेश कुमार ने कहा कि गांवों और समाज में सौहार्द, भाईचारे और आपसी एकता को बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। युवाओं को शांति और सद्भावना के मार्ग पर चलते हुए समाज को नई दिशा देनी चाहिए। माइ भारत राष्ट्रीय स्वयंसेवक मोहित ने युवाओं को संबोधित किया।

### छात्राओं के लिए इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय की बीएससी फिजिकल साइंस, बीकॉम की प्रथम वर्ष की छात्राओं ने इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा किया। छात्राओं ने अपने इंटर्नशिप प्रोग्राम की ट्रेनिंग सेक्टर 14 स्थित आर्यन स्किल सेंटर से की, जहां पर उन्होंने एचटीएमएल सीएसएस और वेब डेवलपमेंट जैसे स्किल एन्हांसमेंट कोर्स की 120 घंटे की ट्रेनिंग लेकर अपना ज्ञान वर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने आर्यन स्किल सेंटर के संचालक गौरव सिंगला का आभार जताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के इंटर्नशिप इंचार्ज सतीश सिंगला, इंटर्नशिप सुपरवाइजर विपिन बब्बर उपस्थित रहे।

### पीएम स्वनिधि की नई योजना को मंजूरी मिलने का इंतजार

**हिसार।** रेहड़ी-पटरी पर कार्य करने वाले एवं स्ट्रीट वेंडर्स के लिए लागू की गई सरकार की पीएम स्वनिधि योजना का पुनर्गठन कार्य चल रहा है। इस कारण पिछले 8 महीने से यह योजना बंद पड़ी है। कोई भी योजना का लाभ लेने का इच्छुक व्यक्ति अपना नया आवेदन इस योजना में नहीं कर पा रहा है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति जब योजना के लिए आवेदन करता है तो आवेदन करने में असमर्थ पाता है क्योंकि पीएम स्वनिधि पोर्टल पर संदेश डिस्पले हो जाता है कि नई योजना को मंजूरी मिलने के बाद नए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और यह संदेश पिछले 8 महीने से डिस्पले हो रहा है। इसके चलते अनेक लोग नई योजना को मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

### दो दिवसीय ध्यान शिविर 23 से

**हिसार।** इंसान को तनाव रहित और आनंदमय जीवन जीने का ढंग सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ओशो ध्यान उपवन में 23 व 24 अगस्त को मीरा : प्रेम दीवानी दो दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का संचालन स्वामी सच्चिदानंद द्वारा किया जाएगा। प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न सत्र रहेंगे। यह जानकारी ओशो ध्यान उपवन के संचालक एवं ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने दी।

---

### वैज्ञानिकों की टीम अब तक सरसों की 23 किस्में कर चुकी विकसित

# हकृवि को सरसों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ केंद्र अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज अवॉर्ड प्राप्त करने वाली टीम के साथ।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को सरसों के अनुसंधान एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र अवार्ड से नवाजा गया है।

यह अवार्ड भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान द्वारा ग्वालियर में आयोजित अखिल भारतीय राया एवं सरसों अनुसंधान कार्यकर्ताओं की 32वीं वार्षिक बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के सहायक महानिदेशक (तिलहन व दाल) डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने प्रदान किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि गत वर्ष सिंचित क्षेत्रों के लिए आरएच 1975 किस्म ईजाद की गई है जो कि अधिक उत्पादन के कारण किसानों के बीच बहुत लोकप्रिय होती जा रही है।

कुलपति ने बताया कि 11-12 क्विटल प्रति एकड़ औसत उत्पादन तथा 14-15 क्विटल प्रति एकड़ उत्पादन क्षमता रखने वाली आरएच 1975 किस्म में लगभग 39.5 फीसद तेल की मात्रा है। उन्होंने बताया कि किसानों को इस किस्म का बीज आने वाले रबी की बिजाई के समय उपलब्ध करवा दिया जाएगा। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने उम्मीद जताई कि सरसों की यह नई किस्में अपनी विशिष्ट विशेषताओं के कारण सरसों उत्पादक राज्यों में बहुत लोकप्रिय होंगी।

**तिलहन अनुभाग को चौथी बार मिला पुरस्कार**

डॉ. राम अवतार ने बताया कि तिलहन अनुभाग को भाकृअनुप-भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान द्वारा चौथी बार इस पुरस्कार से नवाजा गया हैं। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि सरसों अनुभाग के वैज्ञानिकों की टीम अब तक राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर 23 किस्में विकसित कर चुकी है। इस अवसर पर तिलहन अनुभाग के वैज्ञानिक डॉ. दलीप कुमार, डॉ. राकेश पूनिया, डॉ. विनोद गोयल, डॉ. नीरज, डॉ. निशा कुमारी, डॉ. स्वेता, डॉ. राजबीर खेड़वाल व डॉ. आकाश उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तहबाजारी टीम ने हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि टीम ने समाधान शिविर के दौरान मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बुधवार को रेड स्क्वेयर मार्केट स्थित कार वॉशिग यार्ड के संचालक द्वारा सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही गुरुद्वारे के सामने से भी अवैध अतिक्रमण हटाया गया।

### नवआगंतुक विद्यार्थियों को दी उपयोगी जानकारी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम में बुधवार को नवआगंतुक विद्यार्थियों को कई उपयोगी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. संजीव माथुर ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र के महत्व के बारे में बताया, जबकि पंजाब नेशनल बैंक, गुजवि के सीनियर ब्रांच मैनेजर दुर्गेश कुमार ने 'बैंकिंग की झलक' पर चर्चा की। सेंटर फॉर साइट की रेटिना सर्जन डॉ. निधि सिंह ने 'मानव आंखों पर डिजिटल तनाव' पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. सुधांशु, डॉ. रविका, डॉ. नेहा, नरवेल सिंह उपस्थित थे।

### गुज्जर-अहीर धर्मशाला में भागवत कथा 24 से

**हिसार।** पड़ाव वासियों द्वारा हर वर्ष की भांति 24 से 30 अगस्त तक राधा अष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। एडवोकेट कृष्ण खटाणा ने बताया कि इस दौरान गुर्जर-अहीर धर्मशाला में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन किया जाएगा। 31 अगस्त को राधा अष्टमी पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया जाएगा।

### स्कॉलरशिप के लिए 30 नवंबर तक करें आवेदन

**हिसार।** सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अनेक छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में उच्च शिक्षा स्तर पर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2025-26 पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थी 30 नवंबर तक आवेदन कर सकता है। यह जानकारी देते हुए जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए एससी, बीसी और ओबीसी श्रेणी के विद्यार्थी पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन कर सकते हैं।

### छात्र करणजोत सिंह ने जीता गोल्ड मैडल

**बरवाला।** सिविल अस्पताल मार्ग पर स्थित होली होम पब्लिक स्कूल के चौथी कक्षा के छात्र करण जोत सिंह ने गुरुद्वारा नौवें पातशाह धमतान साहिब जींद में आयोजित तृतीय हरियाणा स्टेट गतका चैम्पियनशिप में अंडर - 11 आयु वर्ग में फ्री सोटी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। अब वह आगे दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। करण जोत सिंह का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शिक्षक संस्थान में मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

# मनीषा की मौत से प्रदेश ही नहीं पूरे देश की जनता में रोष : गर्ग

हरियाणा सरकार को मनीषा की मौत की सीबीआई जांच तुरंत प्रभाव से करवानी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

पीजीएसडी शिक्षण संस्थान की मीटिंग संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में स्कूल के प्रांगण में हुई। मीटिंग में शिक्षिका मनीषा की मौत पर गहरा दुख प्रकट करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मीटिंग में संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित मैनेजमेंट व टीचरों को संबोधित करते हुए कहा की भिवानी की शिक्षिका मनीषा की मौत से प्रदेश ही नहीं पूरे देश की जनता में रोष है। गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार को मनीषा की मौत की सीबीआई जांच तुरंत प्रभाव से करवानी चाहिए ताकि मनीषा की मौत की पूरी सच्चाई जनता के सामने आ सके।

बजरंग गर्ग ने कहा कि मनीष 11 अगस्त को लापता होने के बाद 13 अगस्त को मनीषा का शव मिला इस पर सवाल उठ रहे हैं कि मनीषा की मौत 11 और 13 तारीख के बीच हुई है और कैसे हुई यह बात मनीषा का परिवार व जनता जानना चाहती है। मीटिंग में नारायण दास बंसल, सचिव सुरेंद्र सिंगला, प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, डॉ. केके वर्मा, प्रिंसिपल सितेंद्र गोयल, मुख्य अध्यापक गंगा प्रसाद मौर्य, मुख्य अध्यापिका अंगूरी देवी, अध्यापिका रेनू पाहुजा आदि ने विचार रखें।


**हिसार।** शिक्षिका मनीषा की मौत पर मौन रखकर श्रद्धांजलि देते पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग व अन्य।

### मनीषा मौत प्रकरण की निष्पक्ष जांच

**हिसार।** समाजसेवी कपूर सिंह आर्य ने सरकार से मांग की है कि मनीषा मौत प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मनीषा का मर्डर हुआ है यह बात सबको पता है लेकिन सरकार लीपा-पोती कर रही है। अब सरकार इस मामले को दबाना चाहती है। कीटनाशक पीने के बाद व्यक्ति की मृत्यु होने से चींटी भी नजदीक नहीं आती, अन्य जानवर कैसे आ गए। किसी जानवर द्वारा उसके गले पर वार हुआ यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो 1 मिनट में पता लगा ले लेकिन इस मामले को दबाया जा रहा है। इस मामले में सरकार को निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि न्याय मिल सके।



**हिसार।** प्रदर्शन करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

### हिसार के वकीलों का पैदल मार्च निकाला मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

**हिसार।** भिवानी जिले के गांव लक्ष्मण ढाणी की शिक्षिका मनीषा स्वामी मौत प्रकरण के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बुधवार को कड़ी धूप में पैदल मार्च कर आक्रोश प्रकट किया। बार परिसर से शुरू हुआ यह मार्च उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा जहां अधिवक्ताओं ने उपायुक्त अनीश यादव से मुलाकात कर मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन ने मांग की कि चूंकि मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा चुकी है इसलिए जांच की गति को तेज किया जाए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, उपप्रधान एडवोकेट विकास पूनिया, सचिव समीर भाटिया, सह सचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, श्वेता शर्मा, गीतांजलि शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, नवराज शिशन, सीमा शर्मा, निती सिंघल, रीता नागपाल, स्वेता शर्मा, सुदेश वर्मा, मीनू शर्मा, प्रतिभा, रेनू मलिक, सुनीता आर्या, सुनीता सिवाच, विक्रमजीत मित्तल, हिमांशु खोवाल, कुसुम, ललित और बजरंग इंदल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता की सास के घर से नकदी व आभूषण चुराए


**हांसी।** चोरी की वारदात के बाद खुली पड़ी अलमारी व बिखरा पड़ा सामान।

- रक्षाबंधन पर अपने भाइयों को राखी बांधने मायके गई थी आवास की मालकिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

अज्ञात चोर विकास नगर स्थित कष्ट निवारण समिति सदस्य व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जगमोहन यादव की सास के मकान के एक कमरे का ताला तोड़ कर हजारों रुपये की नकदी व सोने के आभूषण चुरा कर ले गए। सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच घटना-स्थल का निरीक्षण कर आवास मालकिन मुन्नी देवी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आवास मालकिन के अनुसार चोर अलमारी में रखी 62 हजार रुपये की नकदी व सोने के झूमके चुराकर ले गए।

जानकारी के अनुसार आवास मालकिन मुन्नी देवी विकास नगर स्थित मकान में अकेली रहती थी और वह रक्षाबंधन पर अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए मायके गई थी। रक्षाबंधन के बाद से अपने मायके में ही थी आज सुबह पड़ोसियों ने एक कमरे का दरवाजा खुला देख जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य व हांसी जिला भाजपा प्रवक्ता जगमोहन यादव को सूचना दी की आपकी सास के मकान का एक कमरा खुला हुआ है जिसके बाद उसने डायल 112 नंबर पर फोन कर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के उपरांत डायल 112 व शहर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और फिंगर एक्सपर्ट टीम को मौके पर बुलाया गया।

जगमोहन यादव ने बताया कि चोर एक कमरे का ताला ही तोड़ पाए। अन्य कमरों का ताला तोड़ने में असमर्थ रहे। जिस कारण ज्यादा नुकसान होने से बच गया। उन्होंने बताया कि चोर अलमारी में रखी 60 हजार नकदी, दो हजार रुपये के नोटों की मालाएं व सोने का झूमका चुरा कर ले गए। यादव ने बताया कि चोरी की वारदात में उसकी सास मुन्नी देवी को एक लाख रुपये का नुक़सान हो गया।

# टीवी रियलिटी शो के फाइनल में रहा लोटस स्कूल के बच्चों का दबदबा

- डीडी पंजाबी चैनल पर प्रसारित हुआ था शो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उकलाना

लोटस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने डीडी पंजाबी चैनल पर प्रसारित टीवी रियलिटी शो में हिस्सा लिया। स्कूल प्रिंसिपल आरती कुनर ने बताया कि यह टीवी रियलिटी शो किसमें कितना है दम के नाम से डीडी पंजाबी पर प्रसारित हो रहा है और अब इसका 11वां सीजन चल रहा है।

इसके अंदर लोटस स्कूल की कक्षा छठी की गरिमा ने हरियाणवी नृत्य के अंदर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और फर्स्ट रैंक की ट्रॉफी पर कब्जा किया। इसी के साथ जीके क्विज कांटेस्ट के अंदर भी कक्षा छठी से जशन और सातवीं से गुरमन ने संयुक्त रूप से अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया।


**उकलाना।** टीवी रियलिटी शो में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

# हर्षिता और अवनी ने मारी बाजी, स्कूल में स्वागत

- जिलास्तरीय स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

विद्युत नगर के बैडमिंटन हॉल में चल रही 58वीं जिला स्तरीय स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता के तहत अंडर 17 व 19 आयु वर्ग में लड़कियां के मुकाबले हुए। अंडर-19 आयु वर्ग में स्कॉटिश स्कूल की दिव्या, सेंट सोफिया की हर्षिता, स्कॉटिश स्कूल की आराध्या तथा डीपीएस की जिया अव्वल रही। अंडर-17 आयु वर्ग में स्मॉल वंडर स्कूल से अवनी, द आर्यन स्कूल से श्रेष्ठी, स्मॉल वंडर स्कूल से परी, स्कॉटिश स्कूल से प्रीती तथा गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल से साक्षी ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों का चयन जिला हिसार की टीम में होगा जो राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी

प्रतियोगिता की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया ने की गई व उप जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योरान, विजेंद्र सिंह के सानिध्य में हुआ और इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ . कमल शर्मा रहे।

इस प्रतियोगिता को एईओ कुलदीप मलिक, डीपीई कुलदीप नैन, सुनील दत्त, राजेंद्र सिंह नियाना, कोच नरेश मलिक, सरोज, सुमन, बीनू, वंदना डीपीई, दीक्षा, सुरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार द्वारा कराया गया।


**हिसार।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

# उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले योग साधकों का अभिनंदन किया

- सूरजमल एक्लेव, पार्क नंबर-1 में पतंजलि परिवार की ओर से भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

सूरजमल एक्लेव, पार्क नंबर-1 में पतंजलि परिवार की ओर से भव्य सम्मान समारोह, यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। पिछले एक वर्ष से पार्क नंबर-1 में नियमित रूप से चल रही है। स्थाई योग कक्षा के साधकों ने जिला स्तर की योग प्रतियोगिता में अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए कुल 15 पदक जीते हैं। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रवक्ता सुरेंद्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेताओं की उपलब्धियां मुक़ेश देवी ने 3 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक, बबली ने 4 रजत पदक, लक्षिता पूनिया ने 1 रजत एवं 1 कांस्य , राजेश कुमार ने 3 स्वर्ण एवं 1 रजत, देवीलाल नेगी ने 1 कांस्य पदक हासिल कर क्षेत्र एवं संस्था का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर भारत स्वाभिमान के प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य, जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष अजय ऐलावादीधी, मीडिया निदेशक सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार, विनय मल्होत्रा, एडवोकेट देवकी नन्दन भाटिया, रैना कुमारी, जीसी नारंग, संजीव शर्मा, सुनील कक्कड़, हरपाल सिंह, राजवीर बलहारा, सतबीर, नरेन्द्र ,वजीर मोर, युद्धवीर पानू, शमशेर पुनियां, रेखा गौतम, आचार्य संतोष, नीतू शर्मा, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. राजन आदि उपस्थित थे।



**हिसार।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते पतंजलि परिवार के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# तिरुपति धाम में भगवान की आराधना करते हुए की गोपुरम की प्राण प्रतिष्ठा

- कई किलोमीटर दूर से दिखने लगा तिरुपति धाम का 71 फुट ऊंचा व भव्य गोपुरम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

उत्तर व दक्षिण भारतीय संस्कृति को एकसूत्र में बांधने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में 71 फुट ऊंचे व व भव्य गोपुरम की प्राण प्रतिष्ठा भगवान की आराधना करते हुए पूरे विधि विधान से की गई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु तिरुपति धाम पहुंचे और अपने इष्ट की आराधना की। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम जय श्रीमन्ननारायण, जय तिरुपति बालाजी और जय भगवान वेंकटेश के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। गोपुरम के शिखर पर स्थापित किए गए नौ कलशों से इसकी आभा में और भी बढ़ोतरी हो गई। यह गोपुरम कई किलोमीटर दूर से ही दिखाई देने लगा है। अन्नत श्री विभूषित सर्वश्री नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में चार दिवसीय गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का संचालन किया गया। यह भव्य गोपुरम स्वर्गीय मूलचंद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी तारामणि देवी द्वारा सेवा भाव से निर्मित करवाया गया है। महोत्सव के अंतिम दिन महासंप्रोक्षण व सात्तुमुरै तीर्थ प्रसाद के विधान को पूरा किया गया।


**हिसार।** तिरुपति धाम में गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालुगण।

### ड्रिंक ड्राइव आयशर ट्रक चालक का किया 32 हजार का चालान

हांसी। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर ट्रैफिक पुलिस ने रामायण टोल प्लाजा पर ब्लैक फिल्म लगे ट्रक का 24 हजार तथा आयशर कैंटर चालक का ड्रिंक ड्राइव के तहत 32 हजार रुपये का चालान किया है। सब इंस्पेक्टर साधुराम ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान रामायण टोल प्लाजा पर एक डंपर व आयशर को कागजात जांच के लिए रोका गया। तो पाया कि डंपर की खिड़की पर ब्लैक फिल्म लगा रखी थी। और आयशर कैंटर के चालक ने शराब पी रखी थी। ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघनों के आधार पर दोनों वाहनों का 56000 रुपये का चालान किया।


**हांसी।** डंपर की खिड़की पर लगी ब्लैक फिल्म उतराते पुलिस कर्मी।

## मनरेगा मजदूरों की मांगों को विधानसभा के सत्र में उठाने की मांग

# मनरेगा सहयोग मंच ने मंत्री व विधायक को सौंपा ज्ञापन

- दुर्घटना होने पर 5 लाख रुपये बढ़िया इलाज और मौत होने पर 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच राज्य कमेटी के आह्वान पर हिसार कमेटी ने बुधवार को कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा व विधायक रणधीर पणिहार के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कमेटी ने मनरेगा मजदूरों की मांगों को विधानसभा के सत्र में उठाने के लिए मंत्री व विधायक से आग्रह किया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि मनरेगा मजदूरों की पिछले लंबे समय से 600 रुपये प्रतिदिन मजदूरी, मेट से लेकर एबीपीओ तक सभी कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी, मनरेगा में काम करने वाले मजदूर की दुर्घटना होने पर 5 लाख रुपये, बढ़िया इलाज और मौत होने पर 25 लाख रुपये मुआवजा, एक सरकारी नौकरी दिया जाए। मनरेगा मजदूरों की तमाम समस्याओं का हल करने बारे मंत्री के प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह व विधायक भूपेन्द्र पनिहार ने आश्वासन दिया कि वह सदन में आपकी मांगों को उठाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में तहसील प्रधान बालकिशन मेट, तहसील सचिव ईश्वर सिंह, जिला प्रधान बलराज सिंह, रामधारी आदि शामिल रहे।


**हिसार ।** ज्ञापन देते अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के पदाधिकारी।

### मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने प्रदर्शन कर अधीक्षक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी हिसार ने राज्य कमेटी के निर्देशानुसार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें अनेक मांगे रखी गई। यूनियन ने बुधवार को युक्तिकरण के नाम पर जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग में भारी संख्या में पदों की कटौती करने, सेवा नियमों में त्रुटियों को ठीक न करने पर, लंबे समय से पदोन्नति के खाली पदों को भरने की बजाय समाप्त करने तथा कॉमन कैडर के जरिए चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति पर रोक के विरोध में जिला वरिष्ठ उपप्रधान रविंद्र शर्मा के नेतृत्व में अधीक्षक अभियंता कार्यालय के समक्ष यह प्रदर्शन किया।


**हिसार।** प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।